हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 22 मई 2026

तापमान
अधिकतम 44 .5 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

11 एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू कराने की प्रक्रिया तेज, एसोसिएट और सहायक प्रोफेसर के आवेदन मांगे



12 बाजार में सीसी रोड बनाने का कार्य नौ महीने में भी अधूरा, सरकुलर रोड का कार्य डेढ़ महीने से बंद






## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक बाइक चालक को गिरफ्तार किया है। सिटी पुलिस ने गत 30 अप्रैल को सरकुलर रोड पर हुए हादसे के बाद बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। चालक हादसे के बाद मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में कसोला निवासी अशोक को गिरफ्तार किया है। उसकी को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**डहीना।** पुलिस चौकी ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 28 अप्रैल को कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पीड़ति ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में देहलावास गुलाबपुरा निवासी धीरज, समीर और देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामलों में एक गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने के में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला थाना पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ गत 17 मार्च को दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था। पुलिस ने चरखी दादरी निवासी अभिजीत को गिरफ्तार किया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को बेल पर छोड़ दिया गया।

### पुलिस ने दबोचे मारपीट के तीन आरोपी

**डहीना।** पुलिस चौकी ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 13 मार्च को कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में डहीना निवासी प्रवीन, दलबी और सचिन को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी की कार भी पुलिस ने कब्जे में ली है। बाद में उन्हें पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### सुधार गृह भेजा यौन शोषण का आरोपी

**रेवाड़ी।** पुलिस ने नाबालिग का अपहरण करने के बाद यौन शोषण करने के मामले में एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 7 मई को अपहरण व यौन शोषण के आरोप में केस दर्ज किया था। पीड़िता का सामान्य अस्पताल से मेडिकल कराया गया था। जांच के बाद पुलिस ने मूल रूप से यूपी के रहने वाले नाबालिग को अभिरक्षा में ले लिया। उसे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

*लापता लोगों के बारे में नहीं मिल पा रहा कोई सुराग*

# टेक्निकल से मैनुअल सर्च तक में खाली हाथ आउटपुट के बिना लौट गई एनडीआरएफ टीम

### हैजार्ड गैस की आशंका से बुलानी पड़ी थी एनडीआरएफ टीम, कंपनी में झुलसे एक कर्मचारी ने तोड़ा दम

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

बीते 19 मई की दोपहर बावल की जीएलएस कंपनी में लगी भीषण आग के बाद लापता कर्मचारियों का पता लगाने के लिए सर्च अभियान चला चुकी एनडीआरएफ की टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। मैनुअल सर्च से लेकर टेक्निकल सर्च तक में टीम को कुछ भी हासिल नहीं हुआ। भारी-भरकम मलबा दूसरे स्थान पर शिफ्ट किए बिना किसी कर्मचारी के आग की भेंट चढ़ने के बारे में पता नहीं चल सकता। अभी तक न तो कंपनी का स्ट्रक्चर ठंडा हुआ और न ही आग सुलगने का सिलसिला थमा है। पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर तैनात हैं। एनडीआरएफ टीम को मुख्य रूप से जहरीली हैजार्ड गैस की आशंका से बुलाया गया था, परंतु जांच में यह गैस नहीं पाई गई। उधर, कंपनी में आग से झुलसे एक कर्मचारी की गुरुग्राम के अस्पताल में मौत हो गई। कंपनी में लगी आग के बाद दो से तीन कर्मचारियों के लापता होने की सूचना है। दो कर्मचारियों के परिजन पुलिस को शिकायत दर्ज करा चुके हैं। बड़ी संख्या में अप्रवासी श्रमिक कंपनी में कार्यरत थे, जिस कारण यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है। लापता कर्मचारियों के जिंदा जलने की आशंका के चलते ही बठिंडा से नेशनल डिजास्टर रिस्पोंस फोर्स बुलाई गई थी। एनडीआरएफ की टीम ने बुधवार दोपहर ही मैनुअल सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया था, परंतु भारी-भरकम मलबा हटाना आसान नहीं था। जेबीबी और पोपलिन मशीनों से मलबा हटाने के प्रयास शुरू किए, तो मलबे के नीचे से आग की लपटें निकलने के कारण टीम का सर्च अभियान प्रभावी साबित नहीं हुआ। टीम के सूत्रों ने बताया कि कंपनी के रिएक्टर और बॉयलर इतने भारी हैं कि उन्हें शिफ्ट करना आसान नहीं है। कंपनी की बिल्डिंग का स्ट्रक्चर आग के बाद मैल्ट होकर एक हो गया है, जिस कारण वह भी काफी हेवी हो चुका है।

साधारण जेसीबी मशीन से उसे हटाना संभव नहीं है। कंपनी परिसर का तापमान काफी बढ़ा हुआ है, जबकि आग नियमित अंतराल के बाद धधकने लगती है। यही कारण रहा कि बुधवार को ही देर सायं एनडीआरएफ की टीम बठिंडा के लिए रवाना हो गई।



रेवाड़ी। कंपनी में मौजूद एनडीआरएफ टीम का फाइल फोटो। फोटो : हरिभूमि

### आउटपुट निल होने के कारण लौटना पड़ा



कंपनी परिसर में कई घंटे तक मैनुअल और टेक्निकल सर्च किया गया। इस दौरान टीम को कुछ भी हासिल नहीं हो सका। दोनों ही तरह के सर्च में आउटपुट शून्य रहा। हमारे पास हैजार्ड गैस की जांच के उपकरण होते हैं। मल्टी गैस डिटेक्टर से पूरे एरिया को सर्च किया गया। जांच के दौरान हैजार्ड या जहरीली गैस होना नहीं पाया गया।

-इंस्पेक्टर विकेश यादव, इंचार्ज एनडीआरएफ टीम।

### टेक्निकल सर्च का नहीं कोई फायदा



*टेक्निकल सर्च से एनडीआरएफ की टीम मलबे में फंसे जिंदा लोगों की तलाश का कार्य करती है। इंसान के दिल की धड़कन और नब्ज चलने से टेक्निकल सर्च यह बताती है कि मलबे में कोई जिंदा इंसान है या नहीं। चूंकि आग लोहे तक को पिंघला चुकी है, इसलिए किसी के जिंदा फंसे होने की कोई संभावना नहीं है। यही कारण है कि एनडीआरएफ का टेक्निकल सर्च अभियान भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाया।*

### पति का शव मांगने पहुंच गई महिला

बिहार निवासी सिकेंद्र पासवान इसी कंपनी में कार्यरत बताया जा रहा है। सिकेंद्र किराए के मकान में रह रहा था। 19 मई को वह सुबह की शिफ्ट में ड्यूटर करने के लिए घर से आया था, लेकिन आगजनी के बाद घर नहीं लौटा। वीरवार को कंपनी परिसर के पास पहुंची उसकी पत्नी ने प्रबंधन से गुहार लगाई कि कम से कम उसके पति का शव ही अंतिम संस्कार के लिए दे दिया जाए। उसकी फरियाद पर वहां मौजूद लोग चुप्पी साधे रहे।

एनडीआरएफ के अनुसार मलबे से इंसानी कंकाल की तलाश करने के लिए भी सारे मलबे को काटकर दूसरे स्थान पर डालना होगा। जब तक पूरा मलबा नहीं हट सकेगा, तब तक उसमें फंसकर आग की भेंट चढ़े किसी कर्मचारी की हड्डी तक मिलना मुमकिन नहीं होगा। मलबा ठंडा होने के बाद उसे छोटे टुकड़ों में काटकर ही दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जा सकता है।

## बावल में तीसरे दिन आग से फिर हड़कंप, कंपनी के पास कचरे में लगी थी आग

**बावल।** गत 19 मई को जीएलएस कंपनी में भीषण आग की तपिश अभी ठंडी भी नहीं पड़ी है और सेक्टर-3 में आगजनी की एक और घटना हो गई। घोषी कंपनी के पास पड़े कचरे में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया। इसी दौरान वहां गड्ढों में कच्चा तेल भी डाला हुआ मिला, जिसे देखकर दमकल कर्मी भी हैरान रह गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वीरवार सायं घोषी कंपनी से कुछ दूरी पर खाली प्लॉट में पड़े कचरे से धुआं निकलते देख लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाना शुरू किया। इसी दौरान दमकल कर्मियों ने देखा कि आग लगाने के स्थान पर जमीन में बनाए गड्ढों में कच्चों तेल डाला हुआ है। हालांकि दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन उनका कहना है कि इस तरह से कच्चा तेल डालना किसी बड़े हादसे को अंजाम दे सकता है।



# भीषण गर्मी के प्रचंड रूप से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नौतपा शुरू होने में अभी चार दिन का समय बचा हुआ है, लेकिन इससे पहले ही गर्मी प्रचंड रूप धारण कर चुकी है। भारी गर्मी के बीच तापमान में मामूली गिरावट का कोई असर नहीं हो रहा है। बिजली की खपत गर्मी के साथ-साथ बढ़ रही है। इस सीजन में खपत 100 करोड़ यूनिट के पास पहुंच गई है, जो इस बार जल्द ही पिछला आंकड़ा भी पार सकती है। इस माह के अंत तक भारी गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। गर्मी के प्रचंड रूप से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। दो दिन से रात का तापमान बढ़ने के कारण सुबह से ही भारी गर्मी का प्रकोप शुरू हो जाता है। सुबह 10 बजे के बाद गर्म हवाएं लोगों को घरों में ही रहने पर मजबूर कर देती हैं। लोग जरूरी कार्य से ही घरों से बाहर निकलते हैं। तेज धूप और हवाओं की बढ़ती रफ्तार से लू चलनी शुरू हो जाती हैं। वीरवार को अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री बढ़कर 29.0 डिग्री पर पहुंच गया। गत वर्ष की तुलना में दिन का तापमान सामान्य से कम और रात का ज्यादा बना हुआ है। बीते वर्ष 21 मई को अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री और न्यूनतम 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हवा में नमी का स्तर कम होकर 15 प्रतिशत रह गया है, जबकि हवाओं की रफ्तार 14 से 16 किलोमीटर प्रति घंटा तक बनी हुई है। लू के थपेड़ों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। हीट वेव के चलते हीट स्ट्रोक का खतरा भी बना हुआ है। बाजार में दोपहर के समय सन्नाटा छा जाता है। दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में बैठे रहते हैं। लोग खरीददारी के लिए सुबह और शाम के समय ही बाजार में निकलते हैं।



रेवाड़ी। गर्मी से बचाव के लिए शीतल पेय पीते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

### शिखर पर पहुंची बिजली की खपत

भारी गर्मी के कारण कूलर और एसी का उपयोग बढ़ गया है। ऊर्जा की बजत के लिए सरकार एसी को 24 डिग्री सेल्सियस तापमान पर चलाने की अपील कर रही है, परंतु बड़ी संख्या में लोग एसी 17 डिग्री टैंपरेचर पर चला रहे हैं। इससे बिजली की खपत बढ़ रही है। बीते बुधवार की रात तक एक दिन में बिजली की खपत 98.62 लाख यूनिट दर्ज की गई। गत वर्ष गर्मी के सीजन में यह एक दिन में सर्वाधिक 96.54 रही थी। गर्मी के साथ बिजली की खपत जल्द ही 100 करोड़ यूनिट का आंकड़ा पार कर सकती है।

### शीतल पेय की मांग में तेजी से वृद्धि

भारी गर्मी के चलते इस समय शीतल पेय की दुकान और रेहड़ियां लगाने वाले दुकानदारों के पास ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। शिकंजी, लेमन सोड़ा, गन्ने और बेलगिरी के जूस के साथ-साथ दूसरे शीतल पेय की मांग भी काफी बढ़ गई है। आइसक्रीम और आइसकैंडी का बाजार भी गर्मी ने गर्म कर दिया है। अपने काम से बाजार आने वाले लोग गला तर करने के लिए शीतल पेय का इस्तेमाल करते हैं, ताकि शरीर में पानी की कमी नहीं होने पाए।





आइसक्रीम तो तुम बच्चों को खूब पसंद आती है। इस भीषण गर्मी में अलग-अलग फ्लेवर की ठंडी-ठंडी यमी आइसक्रीम मिल जाए तो क्या कहने! आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ फेमस आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

# अलग शेप्स-अनूठे फ्लेवर्स वाली यमी आइसक्रीम

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया भर में आइसक्रीम के ऐसे कई प्रकार हैं, जो अपने स्वाद और बनावट के कारण बहुत मशहूर हैं। आज हम तुम्हें अलग-अलग देशों की कुछ टेस्टी और अनोखी आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

## दोंदुरमा आइसक्रीम तुर्किए

तुर्किए देश की दोंदुरमा आइसक्रीम अपनी खास 'खिंचाव' वाली बनावट के लिए जानी जाती है। इसमें दूध और चीनी के साथ 'सालेप' और 'मस्टिक' नामक सामग्री को मिलाया जाता है। सालेप इसे गाढ़ा बनाता है, मस्टिक इसे च्युई



(च्विंग-गम की तरह) बनाता है। 'सालेप' (जंगली ऑर्किड की जड़ का पावडर) मिलाने की वजह से यह जल्दी पिघलती नहीं है। दोंदुरमा आइसक्रीम को बनाने के लिए इसे लोहे की छड़ों से लगातार फेंटा और पीटा जाता है, जिससे यह इतनी सख्त हो जाती है कि इसे हुक पर लटकाया जा सकता है। यह खाने में थोड़ी सख्त और इलास्टिक जैसी लगती है। अब तो अपने देश में भी कुछ शॉपिंग मॉल्स और कई बड़ी मार्केट्स में भी यह आइसक्रीम खाने के लिए मिल जाती है।

## स्पैगेटी आइसक्रीम जर्मनी


यह आइसक्रीम दिखने में बिल्कुल इटैलियन स्पैगेटी पास्ता जैसी लगती है, लेकिन असल में यह वनीला आइसक्रीम



होती है। इसे एक मशीन से नूडल्स जैसा आकार दिया जाता है, ऊपर से टोमैटो सॉस जैसा दिखने वाला स्ट्रॉबेरी सॉस और सफेद चॉकलेट के टुकड़े डाले जाते हैं। इसे सन 1960 के दशक में डारियो फोंटानेला नाम के शख्स ने बनाया था। अकसर इसके बेस में व्हिप्ड क्रीम छिपी होती है, जो स्वाद को और बढ़ा देती है।

## आई-टिम-पैड आइसक्रीम थाईलैंड

आई-टिम-पैड आइसक्रीम की शुरुआत थाईलैंड के स्ट्रीट मार्केट्स में लगभग 2009-2010 के आस-पास हुई थी। इसे बनाने की प्रक्रिया को 'कोल्ड स्टोन' तकनीक कहते हैं। इसका वीडियो यू-ट्यूब और इंस्टाग्राम पर इतना वायरल हुआ कि यह थाईलैंड से बाहर भी लगभग पूरी दुनिया के कई देशों के मॉल्स में भी बिकने लगी। इस आइसक्रीम को 'रोल्ड आइसक्रीम' के नाम से भी जाना जाता है। इसे एक ठंडी धातु



की प्लेट पर दूध और फ्लेवर डालकर बनाया जाता है। फिर इसे तब तक खुरचा जाता है, जब तक यह जम न जाए। इसके बाद फिर इसे पतले रोल में बदल दिया जाता है। यह आइसक्रीम देखने में जितनी मजेदार है, खाने में उतनी ही टेस्टी भी लगती है।

## आइसक्रीम सैंडविच सिंगापुर

सिंगापुर में आइसक्रीम खाने का तरीका जरा हटके है। यहां सड़क किनारे आइसक्रीम विक्रेता आइसक्रीम का एक बड़ा आयताकार टुकड़ा काटते हैं, इसे रंगीन मीठी ब्रेड के स्लाइस



में लपेटकर या दो वेफर्स के बीच रखकर देते हैं। यह सिंगापुर में एक बेहद सस्ता और लोकप्रिय स्ट्रीट फूड है। इसमें लगाई जाने वाली ब्रेड थोड़ी मीठी और अकसर रंगीन (जैसे गुलाबी या हरा) होती है। सैंडविच आइसक्रीम कॉर्न (मक्का), डूरियन (एक तीखी गंध वाला फल) और यम जैसे अनोखे फ्लेवर्स में भी मिलते हैं।

## फालूदेह आइसक्रीम ईरान

फालूदेह दुनिया की सबसे पुरानी फ्रोजन डेजर्ट्स में से एक है। यह फारस (अब ईरान) की एक शानदार ठंडी मिठाई है,



जो 400 ईसा पूर्व के समय से चली आ रही है। फालुदेह पारंपरिक आइसक्रीम जैसी नहीं होती। इसमें चावल के आटे के बने नूडल्स होते हैं, जिन्हें सेमी-फ्रोजन सिरप में मिलाया जाता है। इसमें गुलाब जल मिलाकर इसे खट्टे चेरी, सॉस या नीबू के रस के साथ परोसा जाता है। यह पारंपरिक आइसक्रीम की तरह क्रीमी नहीं, एक गाढ़े शर्बत जैसा एहसास देती है।

### सबसे महंगी आइसक्रीम

**बच्चो, जापान** की बयाकुया दुनिया की सबसे महंगी आइसक्रीम है। इसकी कीमत भारतीय मुद्रा में करीब 5.3



लाख रुपए है। इस आइसक्रीम के महंगे होने की एक वजह यह भी है कि इसमें व्हाइट ट्रफल और सोने की परत का इस्तेमाल किया जाता है।

## होकी पोकी आइसक्रीम न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के लोग आइसक्रीम के बेहद शौकीन होते हैं। यहां की सबसे प्रसिद्ध आइसक्रीम 'होकी पोकी' है। वैसे तो यह



साधारण वनीला आइसक्रीम होती है, लेकिन इसमें हनीकॉम्ब टॉफी के कुरकुरे टुकड़े मिलाए जाते हैं, जिससे इसका स्वाद अनूठा हो जाता है। *

---

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ

आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ
लुत्फ उठाओ गोलू!
पिस्ता, केसर, चॉकलेट की
मैंगो, रबड़ी वाली,
स्ट्रॉबेरी और वनीला
ओरेंज बड़ी निराली,
अब खरीद कर इनको खाओ
इनको खाओ गोलू!
सस्ती भी हैं, महंगी भी हैं
जैसी चाहो लेना,

इस गर्मी की ऋतु में लेकिन
भुला न इनको देना,
फौरन घर से बाहर आओ
बाहर आओ गोलू!
तुम्हें पता ये कैसे बनतीं
क्या-क्या चीज मिलाते,
दूध, मलाई, चीनी, खोया
फ्लेवर डाले जाते,
अपने मुख का स्वाद बढ़ाओ
स्वाद बढ़ाओ गोलू!



---

तुम्हारे लिए नई किताब / नीलम राकेश

## बालिकाओं की रोचक-प्रेरक कहानियां

बच्चों के लिए नागेश पांडेय 'संजय' के कई कहानी संग्रह आ चुके हैं। इनके संपादन में तुम्हारे लिए एक और कहानी संग्रह आया है - 'बालिकाओं की रोचक कहानियां'। इसमें उन्होंने देश के कई जाने-माने बाल साहित्यकारों की कहानियां संकलित की हैं, जो बालिकाओं को केंद्र में रखकर लिखी गई हैं। ये कहानियां रोचक तो हैं ही, प्रेरक भी हैं।



क्षमा शर्मा की कहानी 'दिवाली के दिन' में किशोरियों को यह समझ दी गई है कि माता-पिता और भाई ही उनके असली शुभचिंतक होते हैं। दिविक रमेश ने बालिकाओं पर जरूरत से ज्यादा नियंत्रण को लेकर 'रितु के पापा' शीर्षक से एक कहानी लिखी है। प्रकाश मनु की मनोरंजक कहानी 'खीर खाई टेडी बीयर ने' पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। शकुंतला कालरा की कहानी 'मदर्स-डे' में यह संदेश है कि भावनाएं अमूल्य होती हैं, भावनाओं की कीमत को भावनाओं से ही चुकाया जा सकता है। सूर्यनाथ सिंह की कहानी 'नानू का ननिहाल' में बच्चों को सैर-सपाटे का आनंद तो मिलेगा ही, अंधविश्वासों से सतर्क रहने की शिक्षा भी मिलेगी। समीर गांगुली की कहानी 'फूलों की खोज' बताती है, हमें हमेशा दूसरों की मदद करनी चाहिए। देवेंद्र कुमार की कहानी 'झुमकी का सपना' पढ़कर तुम झुमकी की तरह किसी लड़की का सपना पूरा करने के लिए प्रेरित होगे। उषा यादव की कहानी 'समय की कीमत' का संदेश है, हमें हमेशा समय का महत्व समझना चाहिए। इस कहानी संकलन में संपादक नागेश पांडेय 'संजय की भी एक कहानी 'मुझे कोई प्यार नहीं करता' पढ़ने को मिलेगी, जिसमें बताया गया है, अपने से छोटों को मिलते प्यार से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए।

इनके अलावा इस किताब में संकलित अन्य लेखकों की कहानियां पढ़कर भी तुम्हें अच्छी सीखें मिलेंगी। *

**किताब:** बालिकाओं की रोचक कहानियां, **संपादक:** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'
**मूल्य:** 230 रुपए, **प्रकाशक:** लवकुश प्रकाशन, लखनऊ


---



कहानी
विजयवीर सहाय

निधि, ऋद्धि और सिद्धि के पापा बहुत बड़े वैज्ञानिक थे। पापा ने अपनी तीनों बेटियों के कान के पीछे एक ऐसी अनोखी चिप लगा रखी थी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थी। इस चिप और अपनी हिम्मत-समझदारी से तीनों बहनों ने अपने पापा को तो खतरे से बचाया ही, देश की रक्षा भी की। पढ़ो, तीन साहसी लड़कियों की कहानी।

## चमत्कारी चिप



एआई इमेज

तीन बहनें थीं-निधि, ऋद्धि और सिद्धि। इनके पापा रवि एक बड़े वैज्ञानिक थे। उन्हें कई पुरस्कार और सम्मान मिल चुके थे। वह हरदम इंसानों की भलाई और देश की सुरक्षा के लिए नई-नई खोजों में लगे रहते। दिन में ऑफिस की प्रयोगशाला में काम करते तो रात में काम करने के लिए उन्होंने एक छोटी-सी प्रयोगशाला घर में बना रखी थी। अपने पापा को देखकर निधि-ऋद्धि-सिद्धि को भी विज्ञान में ज्यादा ही रुचि हो गई थी। स्कूल में साइंस की टीचर तरह-तरह के जो प्रयोग करके दिखातीं, उन्हें वे बड़े गौर से देखतीं। घर में रेडियो, टीवी और मोबाइल में आवाज और चित्र कैसे आते हैं? इस तरह के सवाल तीनों अपने पापा से पूछती रहती थीं। पापा भी उनकी जिज्ञासा शांत किया करते थे। वह अपने बच्चों को विज्ञान संबंधी पत्रिकाएं और किताबें लाकर दिया करते थे। निधि-ऋद्धि-सिद्धि की जिज्ञासा को देखते हुए पापा ने उन्हें घर की प्रयोगशाला में जाने की अनुमति दे रखी थी। पापा ने तीनों बहनों के कान के पीछे एक चिप लगा दी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इसके अलावा इस चिप के जरिए बिना बोले मानसिक तरंगों से एक-दूसरे तक अपनी बात पहुंचा सकती थीं। इससे उन्हें आपस में बात करने में बड़ा मजा आता। कभी किसी सामने वाले के मन की बात पता लगने पर पहले ही उसकी बात बोल देतीं और तब उसकी अचंभित सूरत देखकर खूब हंसतीं।

इन दिनों पापा एक ऐसी गैस का आविष्कार करने में जुटे थे, जो आपस में लड़-झगड़ रहे, हिंसा कर रहे लोगों पर छोड़ी जाए तो तुरंत वे यह सब छोड़कर शांति और दोस्ती का व्यवहार करने लगें। उनका कहना था कि जब लाफिंग गैस से लोगों को हंसाया जा सकता है या किसी गैस से उन्हें गुस्सैल और हिंसक बनाया जा सकता है तो ऐसी गैस क्यों नहीं बन सकती, जो लोगों के गुस्से को प्रेम और शांति की भावना में बदल दे?

एक दिन पापा दो बिल्लियों को प्रयोगशाला में लाए और एक गैस उनकी नाक के पास स्प्रे कर दी। कुछ ही पलों में दोनों गुर्रा कर एक-दूसरे पर हमला करने लगीं। फिर पापा ने दूसरे कंटेनर से गैस स्प्रे किया तो दूसरे ही पल वे शांत होकर आपस में प्यार से खेलने लगीं। यह देखकर पापा खुशी से उछल पड़े। तीनों बेटियों की तरफ देखकर बोले, 'अरे वाह, देखो-देखो सफल हो गई मेरी मेहनत।' निधि, ऋद्धि और सिद्धि ने भी तालियां बजाकर अपने पापा को बधाई दी।

एक दिन चार लोग पापा से मिलने आए। उन्हें ड्राइंगरूम में बैठाया गया। पापा उस समय प्रयोगशाला में थे। निधि उन्हें बुलाने चली गई और ऋद्धि मेहमानों के लिए पानी लेकर गई। पानी के गिलास उन्हें पकड़ा कर एक ओर खड़ी हो गई कि गिलास खाली हो जाएं तो वह वापस ले जाए।

तभी उसकी नजर उनके चेहरों पर पड़ी और उसके दिमाग से जुड़ी चिप ने संकेत दिया कि ये अच्छे लोग नहीं हैं। घर में खतरनाक इरादे से आए हैं। उसने तुरंत निधि को संदेश भेजा कि पापा को यहां आने से रोक दे, पर तब तक पापा दरवाजे से अंदर आते दिखे। ऋद्धि वहीं रुक गई और निधि को संदेश भेजा कि प्रयोगशाला से नई गैस वाला कंटेनर लेकर आए और सिद्धि को संदेश भेजा कि पुलिस को फोन करके तुरंत यहां आने को कहे। पापा के ड्रॉइंग रूम में आते ही चारों लोग एक साथ उठे और एक ने ऋद्धि को पकड़ कर उसका मुंह दबा दिया और दो लोगों ने उठकर पापा को दबोच लिया, चौथे ने उनकी कनपटी पर रिवॉल्वर सटाते हुए कहा, 'अपना नया फॉर्मूला तुरंत हमारे हवाले कर दो, शोर मचाया तो गोली मार दूंगा।'


'मार दो गोली, कोई फॉर्मूला तुम लोगों को नहीं दूंगा।' पापा ने दृढ़ता से कहा।

'अच्छा तो ऐसे नहीं मानोगे, ऐ जरा इनको समझाना तो..।' कहते हुए एक ने रिवॉल्वर वाले को इशारा किया। तभी निधि ने वहां आकर कंटेनर से ढेर सारी गैस स्प्रे कर दी। अगले ही पल उन्होंने पापा को छोड़ दिया और बड़े आदर के साथ हाथ जोड़कर एक बोला, 'सर, आप अपना फॉर्मूला हमें दे दीजिए, वर्ना हमारा बॉस हमारी जान ले लेगा।'

'जान तो हम भी नहीं छोड़ेंगे, न तुम लोगों की और न तुम्हारे बॉस की। चुपचाप हमारे साथ पुलिस स्टेशन चलो।' पुलिस इंस्पेक्टर ने कुछ सिपाहियों के साथ अंदर आते हुए कहा। सिपाहियों ने लपक कर चारों को हथकड़ी लगा दी और साथ लेकर चले गए। पूछताछ में पता चला कि चारों किसी खतरनाक गैंग के सदस्य थे, जो पापा की नई खास खोज का फॉर्मूला लेकर दुश्मन देश के हाथ बेचना चाहते थे। पापा की खोजी नई गैस, चमत्कारी चिप और निधि, ऋद्धि, सिद्धि की हिम्मत और समझदारी ने सब बदमाशों को पकड़वा दिया। अखबार, टीवी और रेडियो समाचारों में पापा की खोज और तीनों बहनों की हिम्मत और समझदारी की खूब तारीफ हुई। *

---

## बूझो तो जानें



1
फल पाचन का पावर हाउस,
इसमें पेपीन एंजाइम होता।
पेट की गैस, एसिडिटी मिटाता,
पकने पर रंग पीला होता।

2
फाइबर का भरपूर खजाना,
करता सही है पाचन तंत्र।
विटामिन सी भरपूर है इसमें,
स्वास्थ्य का देता सुंदर मंत्र।

3
ब्रोमेलिन एंजाइम इसमें,
प्रोटीन पचाने में है सहायक।
विटामिन सी है, मैंगनीज भी,
सिर पर मुकुट सजाए नायक।

4
रात भिगो दें, प्रातः खाएं।
हाई बीपी रोग भगाएं।
खराब कोलेस्ट्रॉल घटाता।
नियमित सेवन स्वास्थ्य प्रदाता।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर – 1 पपीता 2 अमरूद 3 अनानास 4 बादाम

---

## जीके क्विज-206



1. तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का क्या नाम है?
2. अमेरिका की खोज किसने की थी?
3. शतरंज के इतिहास में दूसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
4. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?
5. बाणभट्ट किस शासक के दरबारी कवि थे?
6. स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक गुरु कौन थे?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. पेड़-पौधे किस रासायनिक प्रक्रिया द्वारा अपना भोजन बनाते हैं?
9. 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
10. किस ग्रह को पृथ्वी की जुड़वा बहन कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-206 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-205 का उत्तर :** 1. शुभेंदु अधिकारी, 2. सोमनाथ मंदिर, 3. असम, 4. उत्तर प्रदेश, 5. शाहजहां, 6. राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, 7. सोडियम, 8. ओटावा, 9. हरा, 10. जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-205 का सही उत्तर देने वाले :** डिगेंद्र-रायपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, वर्णिका-खैरागढ़, कीर्ति-ईमेल से, कबीर-हिसार, पूरब-बिलासपुर, महक-रोहतक, सचिन-महासमुंद, सौरभ-बालोद, रोहित-दुर्ग

---

## रंग भरो-202

**रंग भरो-202** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





तन्वी, महेंद्रगढ़



आन्या, दुर्ग



ईशान, ईमेल से



दिशा, बिलासपुर



सोनम, रायपुर



रशिका, जांजगीर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आराध्या-रायपुर, प्रगति-बिलासपुर, सुमन-भोपाल, कुसुम-रोहतक, प्रिया-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अतुल-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, आदर्श-रोहतक

---

## रंग भरो 203



बच्चो, यहां जंबो हाथी का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### छबील लगाकर पिलाया राहगीरों को मीठा पानी

**मंडी अटेली।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच सागरपुर गांव के युवाओं ने सराहनीय पहल करते हुए सागरपुर से अटेली सड़क मार्ग पर मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों को राहत पहुंचाई। तपती धूप और लू के थपेड़ों के बीच जहां लोग गर्मी से बेहाल नजर आ रहे हैं, वहीं युवाओं की इस सेवा भावना ने लोगों को काफी राहत दी। युवाओं द्वारा लगाए गए इस सेवा शिविर में राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास के ग्रामीणों को ठंडा मीठा पानी पिलाया गया। इस मौके पर दीपक, अजीत कुमार, कुलदीप, बिट्टू ठेकेदार, अनिल, कृष्णकांत सहित अन्य युवा मौजूद रहे।

### शिकायतों का अविलंब हो निवारण: सीईओ

**महेंद्रगढ़।** लघु सचिवालय के कोर्ट रूम में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में सीईओ जिला परिषद निर्मल नागर व डीएमसी रणबीर सिंह ने आमजन की समस्याए सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं के आवेदनों को लंबित न रखा जाए और न ही उनके समाधान में कोई देरी की जाए। सीईओ निर्मल नागर ने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा हर सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर आमजन की शिकायतों का निवारण करते हैं।

### एक से 12 जून के बीच होगा कॉमन कॉमन एंट्रेस एग्जाम

**रेवाड़ी।** सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी के भर्ती निदेशक ने बताया कि कॉमन एंट्रेस परीक्षा 2026 का आयोजन एक जून से 12 जून के बीच किया जाएगा। यह परीक्षा देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आयोजित की जाएगी। सभी उम्मीदवारों के कॉमन एंट्रेस एग्जाम (सीईई) के एडमिट कार्ड 15 मई को ज्वाइनइंडियनआर्मी.एनआईसी.इन वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। सभी उम्मीदवारों के परीक्षा केंद्र का पता एडमिट कार्ड पर दशार्या गया है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार एडमिट कार्ड पर दिए गए निर्देशों को ठीक से पढ़े और उनका पालन करें।

### एसोसिएट और सहायक प्रोफेसर के आवेदन मांगे

# एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू कराने की प्रक्रिया तेज

नीट की परीक्षा जून माह में होगी, जिसके परिणाम आने के बाद एमबीबीएस के दाखिले शुरू होंगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। माजरा में निर्माणाधीन एम्स भवन। फोटो : हरिभूमि

माजरा में निर्माणाधीन एम्स में नए शैक्षणिक सत्र से एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। एम्स प्रशासन ने कक्षाएं शुरू कराने के लिए एम्स में एसोसिएट और सहायक प्रोफेसर के पदों के लिए आवेदन मांगे हैं। नीट की परीक्षा जून माह में होगी, जिसके परिणाम आने के बाद एमबीबीएस के दाखिले शुरू हो जाएंगे।

एम्स में एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू कराने की मांग काफी समय से चल रही है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने एमबीबीए की कक्षाएं शुरू कराने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से भी बातचीत की थी। इसके बाद एम्स में पदों के भरने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। पहले नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए आवेदन मांगे गए थे। अब एम्स प्रशासन की ओर से सहायक और एसोसिएट प्रोफेसर भर्ती करने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। एम्स में इसी सत्र से कक्षाएं शुरू करने की दिशा में तेजी से प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। दक्षिणी हरियाणा का यह बड़ा संस्थान आने वाले समय में पूरे देश को डॉक्टर मुहैया कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### आवेदन की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू

एम्स में एसोसिएट प्रोफेसर के तीन पदों के लिए ओवदन मांगे गए हैं। इनमें ऑटोनॉमी, बायोकेमिस्ट्री और फिजियोलॉजी के एक-एक पद शामिल हैं। सभी पदा अनारक्षित हैं। सहायक प्रोफेसर के लिए ऑटोनॉमी के 2 व बायोकेमिस्ट्री तथा फिजियोलॉजी के एक-एक पद के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इनमें ओबीसी वर्ग के लिए एक पद ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। आवेदन की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### ओपीडी भी जल्द शुरू कराने के प्रयास

एम्स प्रशासन की ओर से ओपीडी शुरू कराने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। जून माह में नीट की परीक्षा दोबारा होनी है। इसके बाद परिणाम आते ही एमबीबीएस के दाखिले शुरू होने की संभावना है। इसके बाद एम्स में ओपीडी भी शुरू कराई जाएगी, जिसके लिए एम्स प्रशासन की ओर से तेजी से तैयारियां की जा रही हैं। गत दिनों प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने भी एम्स का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए थे।

### केंद्रीय मंत्री ने समाजसेविका के निधन पर जताया शोक

# धारूहेड़ा के दूषित पानी का होगा स्थाई समाधान: भूपेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा



रेवाड़ी। समाजसेविका के घर शोक व्यक्त करने पहुंच भूपेंद्र यादव।

पूर्व सरपंच जेलदार शमशेर सिंह की धर्मपत्नी समाजसेविका रानी सुशीला देवी के निधन पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव वीरवार को उनके निवास पर शोक व्यक्त करने के लिए पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को दिलासा दिलाते हुए समाजसेवा के क्षेत्र में सुशीला देवी के योगदान की जमकर सराहना की। सुशीला देवी की 94 साल की उम्र में देहावसान हो गया था। भूपेंद्र यादव ने कहा कि रानी सुशीला देवी ने अपना पूरा जीवन समाज की सेवा में लगा दिया। उन्होंने गरीबों के उत्थान की दिशा में कार्य किया, जिसे लोग आज भी याद करते हैं। सुशीला देवी के निवास पर शोक व्यक्त करने पहुंचे लोगों के बीच भूपेंद्र यादव ने कहा कि धारूहेड़ा में आने वाले दूषित पानी की समस्या का स्थाई समाधान कराया जा रहा है। इसके लिए भिवाड़ी में एसटीपी लगाए जा रहे हैं। अगले एक साल में यह समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

### अतिरिक्त रोड का कराया जाएगा निर्माण

उन्होंने कहा कि धारूहेड़ा से वाया टपूकड़ा एक अतिरिक्त रोड का निर्माण कराया जाएगा। इससे धारूहेड़ा में ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा। साबी नदी में साफ पानी ही छोड़ा जाएगा। बैराज के पानी को झाड़ली पावर प्लांट में यूज करने पर भी विचार किया जा रहा है।

## पॉक्सो अधिनियम पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम

**रेवाड़ी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वीरवार को होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में छात्रों और शिक्षकों को पॉक्सो अधिनियम के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सीजेएम डा. रेनू सोलखे, पैनल एडवोकेट दिव्या राजपाल और एनजीओ एमडीडी ऑफ इंडिया टीम से तुषार शर्मा मौजूद थे। सीजेएम ने बच्चों को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी। एडवोकेट दिव्या राजपाल ने शिक्षकों और बच्चों को पॉक्सो अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया। एमडीडी ऑफ इंडिया टीम से तुषार शर्मा ने बाल यौन शोषण के संदर्भ में पॉक्सो अधिनियम की जानकारी दी। बच्चों को बताया गया कि कानूनी मदद के लिए डीएलएसए टोल फ्री नंबर 15100, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और पुलिस कंट्रोल नंबर 112 पर संपर्क किया जा सकता है।




रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए सीजेएम। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। कार्यक्रम में सीजेएम का स्वागत करते शिक्षक।

### विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम, साइबर सुरक्षा व बाल अधिकारों की दी जानकारी

**रेवाड़ी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वीरवार को गांव बोड़िया कमालपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व सीजेएम डा. रेनू सोलखे, पैनल एडवोकेट मीनाक्षी कुमारी और एनजीओ एमडीडी ऑफ इंडिया टीम से तुषार शर्मा मौजूद थे। इस अवसर पर सीजेएम डा. सोलखे ने शिक्षकों और बच्चों को नालसा योजनाओं, पॉक्सो अधिनियम, साइबर सुरक्षा, बाल अधिकार और नालसा हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने डीएलएसए टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में विस्तार से बताया। डा. सोलखे ने बच्चों बच्चों को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी।

## मीटर कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को 31 तक मिलेगा योजना का लाभ

- बकाया बिल नहीं भरा तो कटेगा पेयजल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी




रेवाड़ी। गढ़ी बोलनी रोड स्थित जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए पेयजल और सीवरेज बिलों के भुगतान के नियमों में बदलाव के साथ 31 दिसंबर 2025 तक के बकाया बिलों पर शत-प्रतिशत सरचार्ज माफी की घोषणा की है। विभाग के जिला सलाहकार योगेंद्र परमार ने बताया कि जिले के 168217 उपभोक्ताओं पर 8 करोड़ 46 लाख रुपए का बिल बकाया है। योजना से इन उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। योजना के तहत उपभोक्ताओं को 31 मई 2026 तक अपना पुराना व मौजूदा पूरा बकाया बिल जमा कराना होगा। हरियाणा सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 31 दिसंबर 2025 तक की अवधि के बिलों पर लगे सरचार्ज में 100 फीसदी की एकमुश्त छूट दी जाएगी।

### भुगतान न करने पर कटेगा कनेक्शन

जिला सलाहकार ने बताया कि निर्धारित तिथि तक भुगतान न करने पर विभाग की ओर से उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुराने नियमों के तहत देरी से भुगतान करने पर कुल बिल राशि पर जुर्माना लगता था, जिससे राशि काफी बढ़ जाती थी। अब नए संशोधन के तहत यदि देय तिथि तक बिल नहीं भरा जाता है तो चालू बिल पर ही एक बार 10 प्रतिशत की दर से जुर्माना लगाया जाएगा। अगले बिलों में पिछली कुल बकाया राशि पर दोबारा जुर्माना नहीं जोड़ा जाएगा।

### कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ



योगेन्द्र परमार ने बताया कि जिले में जनस्वास्थ्य विभाग के 168217 उपभोक्ता हैं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्र में 127813 और शहरी क्षेत्र में 40404 उपभोक्ता शामिल है। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं पर 2 करोड़ 90 लाख रुपए तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं पर 5 करोड़ 55 लाख रुपए का बिल बकाया है। इसमें बड़ी राशि सरचार्ज की लगाई हुई है और सरचार्ज माफी होने से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि माफी योजना में प्रमुख शर्त यह है कि छूट केवल मीटर युक्त कनेक्शन वालों को मिलेगी, जिनके पास वर्तमान में मीटर वाला कनेक्शन नहीं है और वे सरचार्ज माफी योजना का लाभ लेना चाहते हैं तो उन्हें पहले कनेक्शन पर मीटर लगवाना होगा।

## गर्मी के मौसम में पालतू जानवरों व बच्चों को बंद वाहनों में न छोड़ें: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि रोजाना बढ़ती गर्मी के मौसम में हीट वेव लगने का खतरा बढ़ जाता है, लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम सावधानी बरतें। डीसी ने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा के मद्देनजर गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़ते तापमान-लू से बचाव के लिए जिला प्रशासन की ओर से जनहित में एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करें। उन्होंने बताया कि हीटवेव यानी लू की चपेट में आने के कारण शरीर में पानी की कमी, हीट स्ट्रोक, उल्टी, चक्कर आना, बुखार, सिरदर्द और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। कई बार हीट वेव जानलेवा भी साबित हो सकती है। ऐसे में कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। हीट वेव से सुरक्षित रहने के लिए कुछ टिप्स को फॉलो कर अपना व परिवार का बचाव रख सकते है।

### हीट वेव से बचने के लिए क्या करें

हीट वेव से बचने के लिए अपने शरीर को हाइड्रेट रखने की कोशिश करें। इसके लिए अधिक से अधिक पानी का सेवन करें। इसके अलावा, आप नारियल पानी, नींबू पानी, ओआरएस और छाछ जैसे प्राकृतिक पेय का सेवन कर सकते हैं। अपने घर को ठंडा रखें, इसके लिए पर्दे, शटर या सनशेड का उपयोग करें और रात में खिड़कियां खुली रखें। घर से बाहर धूप में निकलते समेत चश्मा, टोपी, जूते या चप्पल पहनें और छाते का प्रयोग करें। शरीर को अच्छी तरह कवर करके ही घर से बाहर निकलें। ताजे फलों और हरी सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल करें। पशुओं को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए पर्याप्त पानी दें।




महेंद्रगढ़। लाल रंग की पोशाक में बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### बचपन प्ले स्कूल में मनाया रेड-डे

**महेंद्रगढ़।** मौदाश्रम मंदिर के सामने मौहल्ला जवाहर नगर में स्थित बचपन प्ले स्कूल में रेड-डे मनाया गया। इस कार्यक्रम में लाल रंग की अधिकता और उसके महत्व को दर्शाया गया। विद्यालय की सभी अध्यापिकाएं एवं बच्चे लाल रंग के परिधान में विद्यालय पहुंचे और लाल रंग के फल फ्रूट्स तथा लाल रंग का शरबत बनाकर एक दूसरे को पिलाया गया। चेयरमैन रमेश सैनी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी ने बताया कि यह दिन लाल रंग को समर्पित है, जो ऊर्जा, जोश और सक्रियता का प्रतीक है। इस अवसर पर प्राचार्या शालिनी गोयल, उप प्राचार्या मोनिका दीवान, बचपन हेड पूनम गोस्वामी, प्रवक्ता अमरसिंह सोनी, महिमा, रेणु, रितु, आरती आदि मौजूद रही।

## एमएनआईटी जयपुर में हुआ आरपीएस की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ




महेंद्रगढ़। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में उपस्थित स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस बलाना द्वारा प्रतिष्ठित संस्थान मालवीय नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एमएनआईटी जयपुर में फैकल्टी भर्ती के लिए विशेष कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव का उद्देश्य आरपीएस संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों से योग्य एवं प्रतिभाशाली फैकल्टी सदस्यों की नियुक्ति करना रहा। इस चयन समिति में प्रो. राजेन्द्र सिंह (डीन एकेडमिक्स), डॉ. रविन्द्र कुमार (हेड-मैनेजमेंट विभाग) एवं गीतांजलि गांधी (हेड-कंप्यूटर साइंस विभाग) प्रमुख रूप से शामिल रहे।

समिति ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर उनकी शैक्षणिक योग्यता, शोध क्षमता एवं शिक्षण कौशल का मूल्यांकन किया। संस्थान निदेशक डॉ. महेश के यादव एवं रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र एस यादव के विशेष प्रयासों एवं मार्गदर्शन से मालवीय नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमएनआईटी) जयपुर के साथ यह महत्वपूर्ण समन्वय स्थापित हो सका, जिसके माध्यम से आरपीएस ग्रुप को उत्कृष्ट शिक्षकों से जोड़ने का अवसर प्राप्त हुआ।

### आईजीपी ओम प्रकाश नरवाल ने संभाला साउथ रेंज का कार्यभार

# कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा व साइबर अपराध पर लगेगी लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वर्ष 2006 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ओम प्रकाश नरवाल वीरवार को साउथ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के रूप में कार्यभार संभाल लिया।

इससे पहले वे आईजीपी हरियाणा आर्म्ड पुलिस मधुबन के पद पर कार्यरत थे। साउथ रेंज कार्यालय पहुंचने पर नवनियुक्त आईजीपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा, महेंद्रगढ़ के एसपी दीपक और रेंज के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने आईजीपी का स्वागत किया।




रेवाड़ी। आईजीपी नरवाल का स्वागत करते एसपी।

### अपराध नियंत्रण और सुरक्षा पहली प्राथमिकता

कार्यभार संभालने के बाद आईजीपी नरवाल ने रेंज के अंतर्गत आने वाले जिलों की सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था की उच्च स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली। आईजीपी नरवाल कहा कि साउथ रेंज में शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराधियों पर नकेल कसना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। रेंज के सभी जिलों में अपराध नियंत्रण और नागरिकों में सुरक्षा की भावना पैदा करना। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाना और उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ते साइबर फ्रॉड और अपराधों की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। ओम प्रकाश नरवाल इससे पहले आईजी मधुबन, पुलिस कमिश्नर फरीदाबाद के साथ-साथ फतेहाबाद और जींद जैसे महत्वपूर्ण जिलों में बतौर पुलिस अधीक्षक अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे चुके हैं। पुलिस सेवा में उनकी निष्ठा और सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें पुलिस मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## शहरी निकाय व पंचायत सदस्यों को जनगणना कार्य में सहयोग करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी एवं प्रधान जनगणना अधिकारी अभिषेक मीणा ने जनगणना 2027 के सफल एवं समयबद्ध संचालन के लिए शहरी निकाय और ग्रामीण पंचायतों के सभी सदस्यों को जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग देने के निर्देश जारी किए है। डीसी ने जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 7 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनगणना प्रगणकों, पर्यवेक्षकों सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सहयोग और सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। डीसी अभिषेक ने बताया कि 1 मई से शुरू हुआ घर-घर सर्वे अभियान जिला भर में सुचारू रूप से चल रहा है और यह अभियान 31 मई तक जारी रहेगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर परिवारों से निर्धारित प्रश्नों के आधार पर जानकारी एकत्र कर रहे हैं और उसे ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से जनसंख्या, परिवारों की स्थिति, आवासीय सुविधाओं तथा सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों से जुड़े आंकड़े एकत्रित किए जाते हैं। इन आंकड़ों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाएं और सरकारी नीतियां तैयार की जाती हैं। डीसी ने सभी नगर परिषदों, नगर पालिकाओं, पंचायत प्रतिनिधियों, सरपंचों, पंचों तथा गांव के नंबरदारों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं अन्य अधिकारियों को आवश्यक सहयोग और सहायता प्रदान करें।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कान्हड़वास खण्ड नाहड़ जिला रेवाड़ी में पुराने कबाड़ जैसे पत्थर की टुकड़ी, लकड़ी की कड़ी, चौखट व जंगला और अन्य सामान की बोली दिनांक 28-05-2026 को बीसी चौपाल में प्रातः 10 बजे होगी। जिसकी सिक्योरिटी 5000 रु० जमा करानी होगी। अन्य शर्ते मौके पर सुनाई जायेंगी।

सीमा बाई
सरपंच ग्राम पंचायत, कान्हड़वास
जिला रेवाड़ी

## खबर संक्षेप

### राजपूत सभा बावल की बैठक 24 को चिरहाड़ा में

**बावल।** राजपूत सभा बावल की ओर से 24 मई को सुबह 9 बजे गांव चिरहाड़ा के कम्युनिटी हाल में बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में 7 जून को गांव धरचाना में होने वाले सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती कार्यक्रम को लेकर चर्चा की जाएगी। इस मौके पर 10वीं व 12वी में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इनके अलावा किसी भी विषय में डिग्री प्राप्त करने वाले तथा समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। विद्यार्थी अपने रिजल्ट व आधार कार्ड की प्रति 31 मई तक सभा के प्रधान प्रताप सिंह चौहान के पास जमा करा सकते है।

### राजकीय विद्यालय में बुनियाद अंकुर यात्रा का शुभारंभ

**कोसली।** कोसली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मिशन बुनियाद के तहत कक्षा 9वीं का शुभारंभ प्राचार्य दयानन्द भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य व स्टाफ सदस्यों ने मां सरस्वती का पूजन कर प्रसाद वितरित किया। प्राचार्य भारद्वाज ने बच्चों को आगे बढ़ने तथा माता-पिता व बुजर्गो का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रवक्ता सरला यादव, कांता यादव व जितेंद्र सहित अनेक अभिभावक उपस्थित थे।

### रेलवे रोड पर खोदी गई सड़क से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही

# बाजार में सीसी रोड बनाने का कार्य नौ महीने में भी अधूरा

**नगर परिषद की ओर से ठेका लेने वाले ठेकेदार की ओर से किस्तों में बनाई जा रही सड़क, खोद कर डाली सड़क से परेशान लोग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

गत वर्ष अगस्त माह में बाजार की सड़कों का शुरू हुआ नव निर्माण कार्य 9 महीने में भी पूरा नहीं हो रहा है। किस्तों में चल रहे सड़क निर्माण कार्य से दुकानदारों व लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। गत वर्ष 27 अगस्त को कार्य का उद्घाटन होने के बाद खुदाई का कार्य होने के बाद ठेकेदार ने अग्रसेन चौक से भाड़ावास गेट तक की सड़क का निर्माण किया। जिसके बाद कार्य करीब एक महीने बंद रहा। वर्तमान में भाड़ावास गेट से पुरानी सब्जीमंडी तथा मोती चौक से गोकल गेट तक की सड़क बनाई जा चुकी है, जबकि रेलवे रोड का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। रेलवे रोड पर खोदी गई सड़क से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। अभी काठमंडी व बारा हजारी मार्ग की सड़क का निर्माण कार्य होना बाकी है।



रेवाड़ी। रेलवे रोड पर अधूरा पड़ा सड़क निर्माण कार्य, रेलवे चौक पर धंसी मेनहोल की जाली व आंबेडकर चौक से धारूहेड़ा चुंगी की सड़क, जिसका नव निर्माण होना है।

#### रेलवे रोड पर धंसी जाली बनी परेशानी

रेलवे रोड से गोकट गेट मार्ग के मोड पर मेनहोल की लोहे की जाली भी वाहनों के दबाव से धंस गई है। लंबे समय से धंसी जाली के कारण हादसे को आंमत्रण दे रही है। विशेष कर दोपहियां वाहन चालकों को चोटिल होने का डर बना रहता है। आसपास के दुकान कई बार मेनहोल की जाली बदलने की मांग उठा चुके है, लेकिन प्रशासन की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

#### सड़कों पर कई जगह अनियमिताएं

शहर बाजार में बनाए गए सीसी रोड में कई जगह अनियमिताएं भी बरती गई है। किस्तों में चलते कार्य में सड़क के जोड़ का ठीक से नहीं बनाया गया है, जिस पर रोड़ियां निकालने लगी है। वहीं सड़क भी ऊंची-नींची बना दी गई है। कई जगह सड़क बनाते समय वाहनों के गुजरने से टायर के निशान भी बन गए है, जिनको भी ठीक नहीं किया गया है।

#### पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर सरकुलर रोड के सीसी रोड का कार्य अटका

पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग की ओर से शहर के सरकुलर रोड पर बावल चौक से धारूहेड़ा चुंगी तक की एक तरफा लेन पर सीसी रोड बनाने का जनवरी में शुरू किया कार्य भी अधूरा पड़ा हुआ है। बावल चौक से धारूहेड़ा चुंगी तक की 1.27 किलोमीटर लंबी सड़क पर करीब 2.50 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। विभाग की ओर से बावल चौक से अंबेडकर चौक तथा धारूहेड़ा चुंगी के पास बीएमजी मॉल साइड के टुकड़े का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है, जबकि अंबेडकर चौक से धारूहेड़ा चुंगी तक की सेक्टर-5 साइड की लेन का कार्य करीब डेढ़ महीने से बंद पड़ा हुआ है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

## दंपति से 1.89 करोड़ की ठगी के तीन और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने धारूहेड़ा के सेक्टर-6 निवासी दंपति को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर 1.89 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सात आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि अन्य की तलाश में छापेमारी की जा रही है। गत 22 अप्रैल को सेवानिवृत्त कर्मचारी राजपाल सिंह ने पुलिस शिकायत में बताया था कि गत 27 व 28 फरवरी को उसके फोन पर अनजान व्यक्ति के फोन आए। फोन करने वाले ने खुद को ट्राई सर्विस से बताते हुए कहा कि उसकी सिम बंद होने वाली है। उसकी आईडी से गलत ढंग से सिम खरीदी गई है। उसके खिलाफ मुबंई में एफआईआर दर्ज है। उसे बताया गया कि उसके नंबर से न्यूड फोटो और वीडियो भेजे जा रहे हैं। इसके बाद एक अन्य नंबर से आए फोन पर खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर बताने वाले शख्स ने कहा कि उसे डिजिटल अरेस्ट किया गया है। अगर वह बचना चाहता है, तो उसके बताए गए खाता नंबरों पर पैसे ट्रांसफर करने होंगे।

#### इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

इस मामले में साइबर थाना पुलिस ने जींद के न्यू हाऊसिंग बोर्ड निवासी मनोज श्योकन्द, गांव करेला निवासी पंकज व जींद के जोगेन्द्र नगर निवासी हरप्रीत को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मनोज श्योकन्द के बैंक खाते में ठगी के कुल 1 लाख 8 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे, जबकि आरोपी पंकज व हरप्रीत ने ठगों को उसका बैंक खाता मुहैया कराने में मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद आरोपी मनोज श्योकन्द को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पंकज व हरप्रीत को पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।

## आवश्यक वस्तुओं की कीमतों के नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाएं सरकार: सोमाणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



विजय सोमाणी।

राष्ट्रीय नवचेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक विजय सोमाणी ने पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों, महंगाई और उसके कृषि व ग्रामीण जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर नाराजगी जताई है। सोमाणी ने कहा कि ईंधन की कीमतें केवल वाहन चलाने तक सीमित नहीं हैं। इसका सीधा असर खेती, खाद्यान्न ढुलाई, सिंचाई, उर्वरक और दैनिक उपभोग की वस्तुओं की लागत पर पड़ता है। जब डीजल महंगा होता है तो ट्रैक्टर, पंपसेट और मंडियों तक माल पहुंचाने का खर्च बढ़ जाता है। इसका प्रभाव किसान और आम उपभोक्ता दोनों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि देश का किसान पहले से ही प्राकृतिक आपदाओं, बाजार में उतार-चढ़ाव और बढ़ती लागत से जूझ रहा है। ऐसे में ईंधन पर अत्यधिक कर का बोझ उसकी लागत बढ़ा रहा है। सरकार को चाहिए कि वह कृषि कार्यों में उपयोग होने वाले डीजल पर विशेष रियायत दे या कृषि क्षेत्र को ईंधन कर से आंशिक राहत प्रदान करे, ताकि उत्पादन लागत कम हो और किसान को उसकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सकें।

सोमाणी ने कहा कि महंगाई सीधे लोगों की थाली, बच्चों की शिक्षा और परिवार की बचत पर असर डालती है। ऐसे में राजस्व वृद्धि के साथ-साथ जनकल्याण का संतुलन बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले करों की संरचना पर पुनर्विचार करें और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि अगर डीजल-पेट्रोल के दाम नहीं घटे तो आम जनता आंदोलन करने पर मजबूर होगी। उन्होंने जनता से भी अपील करते हुए कहा कि वे ईंधन की बचत को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। कम दूरी के लिए साइकिल, कारपूलिंग और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने से न केवल व्यक्तिगत खर्च कम होगा, बल्कि साइकिल चलाने से शरीर भी स्वस्थ रहता है और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

## नशा शरीर ही नहीं, बल्कि जीवन व समाज के लिए भी जहर: रामपाल



रेवाड़ी। विद्यार्थियों का शपथ दिलाते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने वीरवार को गवर्नमेंट स्कूल कृष्ण नगर, नेहरूगढ़ व झाड़ौदा में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक किया तथा नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर इंस्पेक्टर रामपाल ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। नशा शरीर ही नहीं, बल्कि जीवन और समाज के लिए भी जहर है। आज के विद्यार्थी ही कल का भविष्य हैं, इसलिए नशामुक्त और स्वस्थ रहना ही देश की सुरक्षा व प्रगति की गारंटी है। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया। इस दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों की भी जानकारी दी गई। निरीक्षक रामपाल ने कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या आपातकालीन स्थिति हो तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दें। इसके अलावा नशा गतिविधियों की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें।

### आईजीयू मीरपुर का छात्र-पुलिस विवाद

## प्रोक्टर की अध्यक्षता में कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

मीरपुर आईजीयू में छात्रों के बीच शुरू हुए विवाद के बाद पुलिस की एंट्री और दो छात्रों के आत्मदाह के प्रयास के बाद दोतरफा जांच शुरू की गई है। पुलिस की ओर से डीएसपी हेडक्वार्टर को जांच का जिम्मा सौंपा गया है, जबकि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने प्रोक्टर की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की है। दोनों की रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गत 19 मई को एक छात्र ने पुलिस अधिकारियों को ई-मेल भेजकर दूसरे छात्रों पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए थे। एसपी के निर्देश पर थाना धारूहेड़ा एसएचओ कश्मीर सिंह यूनिवर्सिटी में जांच के लिए पहुंचे, तो मामला गर्मा गया था। छात्रों ने एसएचओ पर बिना अनुमति यूनिवर्सिटी में प्रवेश पर आपत्ति जताई थी। पुलिस और छात्रों के बीच मामूली झड़प भी हो गई थी। इसके बाद दो छात्रों ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का प्रयास किया, तो पुलिस और अन्य छात्रों ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। कई छात्रों ने पुलिस पर बिना अनुमति यूनिवर्सिटी में प्रवेश करने के बाद छात्रों से अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगाए थे।

- यूनिवर्सिटी में पुलिस पहुंचने के बाद दो छात्रों ने किया था आत्मदाह का प्रयास



रेवाड़ी। वीसी को ज्ञापन सौंपते हुए छात्र। फोटो : हरिभूमि

#### यूनिवर्सिटी प्रशासन करा रहा जांच

यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. दिलबाग सिंह ने बताया कि छात्रों को समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया गया है। इस मामले की तह तक जाने के लिए प्रोक्टर टेकसिंह की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई है। कमेटी की रिपोर्ट मिलने के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के माहौल को किसी भी सूरत में खराब नहीं होने दिया जाएगा।

पुलिस सूत्रों के अनुसार एसपी की ओर से मामले की जांच डीएसपी को सौंपी गई है। एसएचओ कश्मीर सिंह का कहना है कि वह शिकायत मिलने के बाद ही यूनिवर्सिटी गए थे, ताकि माहौल खराब होने से रोका जा सके।

## पुलिस कर्मियों ने सूर्य नमस्कार व योग आसनों का किया अभ्यास



**जाटूसाना।** वीरवार को जाटूसाना थाना परिसर में सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार व योग आसनों का अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान सूर्य नमस्कार की सही विधि, उसके विभिन्न चरणों तथा नियमित योगाभ्यास से होने वाले मानसिक, शारीरिक एवं आत्मिक लाभों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि सूर्य नमस्कार न केवल शरीर को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी अत्यंत सहायक है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि स्वस्थ पुलिसकर्मी ही समाज को बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकता है। नियमित योग, व्यायाम और अनुशासित जीवनशैली से पुलिस बल की कार्यक्षमता एवं सकारात्मक सोच में निरंतर वृद्धि होती है। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## दिल्ली-जयपुर हाइवे पर ट्रैफिक जाम से बढ़ी परेशानी

- सामाजिक कार्यकर्ता ने प्रधानमंत्री और सड़क परिवहन मंत्री को पत्र भेजकर निर्माण कार्य पूरा होने तक की टोल टैक्स माफ करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धारूहेड़ा

दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-48 पर धारूहेड़ा, राठीवास, बिलासपुर और मानेसर क्षेत्र में निर्माण कार्यों के चलते आम जनता की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। रोजाना हजारों वाहन लंबे समय तक ट्रैफिक जाम में फंस रहे हैं, जिससे लोगों का समय बर्बाद होने के साथ-साथ भारी मात्रा में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी भी व्यर्थ हो रही है। हाल ही में पेट्रोल-डीजल के दो बार दाम भी बढ़ाए जा चुके है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश खरखड़ा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर निर्माण कार्य के पूरा होने तक संबंधित टोल प्लाजा पर टोल टैक्स अस्थाई रूप से माफ करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि धारूहेड़ा से गुरुग्राम के हीरो होंडा चौक तक करीब 40 किलोमीटर की दूरी तय करने में वाहन चालकों को प्रतिदिन 40 से 50 मिनट तक जाम में खड़ा रहना पड़ रहा है। कई बार वाहन घंटों तक रेंगते रहते हैं। इससे नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और आम यात्रियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।



रेवाड़ी। दिल्ली-जयपुर हाइवे पर जाम में फंसे वाहन। फोटो : हरिभूमि

जाम में फंसे वाहनों का प्रतिदिन हजारों लीटर ईंधन व्यर्थ जल रहा है, जो प्राकृतिक संसाधनों की बर्बादी के साथ पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ा रहा है।

## शैक्षणिक संस्थानों, संगठनों व युवाओं से महाभारत अनुभव केंद्र के भ्रमण की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

- ज्योतिसर वह पावन स्थल है जहां भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को श्रीमद् भागवत गीता का दिव्य उपदेश दिया था

कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में स्थित महाभारत अनुभव केंद्र को भारतीय संस्कृति, गीता के संदेश और महाभारत के गौरवशाली इतिहास को आधुनिक तकनीक के माध्यम से जोड़ा गया है। शैक्षणिक संस्थान, सामाजिक संगठन एवं युवा समूह इस केंद्र का भ्रमण कर न केवल इतिहास को समझ सकेंगे, बल्कि नैतिकता, कर्तव्य और राष्ट्रहित जैसे मूल्यों से भी प्रेरणा प्राप्त करेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि ज्योतिसर वह पावन स्थल है, जहां भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को श्रीमद् भागवत गीता का दिव्य उपदेश दिया था। इसी ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को ध्यान में हरियाणा सरकार की ओर से यहां अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित महाभारत अनुभव केंद्र स्थापित किया गया है। केंद्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में शिकायत सुनते हुए डीसी।

### समाधान शिविर में पहुंची प्राइवेट स्कूल की ओर से एसएलसी न दिए जाने की शिकायत

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी अभिषेक मीणा ने आमजन की शिकायतों को सुनते हुए प्राथमिकता के आधार पर निवारण किया। समाधान शिविर के दौरान जल आपूर्ति, पेंशन, भूमि संबंधी विवाद व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतें रखी गई। डीसी ने अधिकारियों को मौके पर ही निदान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में बच्चों को प्राइवेट स्कूलों की ओर से एसएलसी न दिए जाने की शिकायत पर डीसी ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वे बच्चों की पढ़ाई का ध्यान रखते हुए निजी स्कूलों से बच्चों की एसएलसी दिलवाए। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों द्वारा ऐसा किए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाए। सेक्टर-3 पार्ट-2 में हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत पर कब्जे हटवाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम सुरेश कुमार, सीटीएम जितेंद्र कुमार व डीएसपी पवन कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को 5100 रुपये मिले

## बीकानेर स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को मिले पुरस्कार

- कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष दीपिका सोनी ने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में शिक्षा, संस्कार और प्रेरणा के साथ समाजसेविका मिथलेश यादव की ओर से स्व. पति लेफ्टिनेंट कर्नल ओमप्रकाश यादव की स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में विद्यालय के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि समाजसेविका मिथलेश यादव एवं विशिष्ट अतिथि पूनम यादव धर्मपत्नी ग्रुप कैप्टन विजय यादव का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष दीपिका सोनी ने की। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि मिथलेश यादव वर्षों से शिक्षा एवं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणादायक प्रयास समाज में शिक्षा का वातावरण मजबूत करते हैं तथा विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के अनुसार नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को 5100 रुपये, 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 3100 रुपये, 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों को 2100 रुपये तथा 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 1100 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष दीपिका सोनी, उपाध्यक्ष मीनू कुमारी, शिक्षाविद दयाराम आर्य, सदस्य कैप्टन फकीर चंद, प्रवक्ता सोमबीर यादव, विक्टोरिया, अनीता रोहिल्ला, संजू यादव, कांता लहकरा, मनीषा शर्मा, सुविधा यादव, रेखा रोहिल्ला, मीनाक्षी चुग, पुनीता सैनी, अध्यापक रविंद्र कुमार, मुकेश कुमार, हरिता शर्मा, पूनम देवी, मंजू लता, प्रिया व राजेश कुमार सहित समस्त स्टाफ सदस्य व अभिभावक उपस्थित थे।



रेवाड़ी। बीकानेर स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### ये हुए पुरस्कृत

कक्षा दसवीं की डिंपी वर्मा, यशिका, सुकन्या, गुंजन, अंजलि सोनी, मोनिका, वंशिका, अंजलि, तनीषा, कंचन, गोविंद, शायना, खुशबू, कीर्ति, इशांत, विपिन व हर्षिता तथा कक्षा बारहवीं की खुशी, महक, संजना, सिमरन, कुणाल, गुंजन कुमारी, राधिका, अमित व अंजलि सहित अन्य मेरिट प्राप्त विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि पूनम यादव ने कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही व्यक्ति को ऊंचाइयों तक पहुंचाती है।

### खरखड़ा में समाज कल्याण व सुख-शांति के लिए बाल योगी ने शुरू की 41 दिवसीय तपस्या



रेवाड़ी। खरखड़ा में तपस्या का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**धारूहेड़ा।** क्षेत्र के गांव खरखड़ा स्थित प्राचीन बाबा भैरु मंदिर में महंत तपस्वी बाल योगी दिवाली नाथ महाराज की ओर से 41 दिवसीय ग्यारह धूनी एवं खड़ेसरी तपस्या का शुभारंभ किया गया। यह धार्मिक आयोजन 30 जून तक चलेगा। यह आयोजन बाबा भैरु मंदिर कमेटी एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। महंत दिवाली नाथ महाराज ने कहा कि यह तपस्या समाज कल्याण, सुख-शांति एवं युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से की जा रही है। धार्मिक साधना और आध्यात्मिक वातावरण से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा लोगों को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। इससे पहले भी वे जिला भिवानी के ग्राम भूंगला, दादा गोसाई धाम विढ्नोई व बहल सहित विभिन्न स्थानों पर खड़ेसरी तपस्या कर चुके हैं। खरखड़ा में चल रही यह उनकी सोलहवीं खड़ेसरी तपस्या है। आयोजन के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालुओं की ओर से भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।